AN-MARCH-2026-SSC

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार, पटना

वार्षिक मूल्यांकन मार्च - 2026

प्रश्न-पत्र

कक्षा – VII | विषय - सामाजिक विज्ञान

समय - 2 घंटा | पूर्णांक - 50

छात्र/छात्रा का नाम .... वर्ग क्रमांक ....

विद्यालय का नाम .... प्रखंड ....

संकुल का नाम .... जिला ....

वीक्षक के हस्ताक्षर	मूल्यांकनकर्ता के हस्ताक्षर	प्राप्तांक
तिथि : __________	तिथि : __________	

1. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(5×2=10)

(क) .... अहोम लोगों के द्वारा लिखी गई ऐतिहासिक कृतियाँ थी। (बुरंजी, कारवाँ)

(ख) नयनार .... के साधक कहलाते हैं। (शिव, विष्णु)

(ग) बंजारा लोग सबसे महत्त्वपूर्ण .... थे। (खानाबदोश, मनसबदार)

(घ) विश्व जल दिवस .... को मनाया जाता है। (31 मार्च, 22 मार्च)

(ङ) .... ने महिला-शिक्षा के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण कार्य किया। (रमाबाई, लक्ष्मी लाकरा)

2. दिए गए कथन में सही के लिए (✓) तथा गलत के लिए (✗) का चिह्न लगाइए। (5×2=10)

(क) बिहार और झारखंड के कई इलाको में बारहवीं सदी तक चेर सरदारशाहियों का उदय हो चुका था। ☐

(ख) गुरु नानक जी का जन्म करतारपुर में हुआ था। ☐

(ग) जनजातीय समाज के पास समृद्ध वाचक परंपराएँ थी। ☐

(घ) 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान की शुरूआत 2014 में हुई। ☐

(ङ) अमेज़न नदी और उसकी सहायक नदियाँ मिलकर गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन का निर्माण करती है। ☐

3. स्तंभ 'क' से स्तंभ 'ख' का सुमेल कीजिए। (5×2=10)

स्तंभ 'क'	स्तंभ 'ख'
(क) गढ़	(i) अमृतसर
(ख) दुर्गावती	(ii) सुंदरवन
(ग) स्वर्ण मंदिर	(iii) चौरासी
(घ) मीडिया	(iv) गढ़ कटंगा
(ङ) डेल्टा	(v) संचार माध्यम

4. लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग 20-25 शब्दों में दें। (2×5=10)

(क) संचार माध्यम से आप क्या समझते हैं?

(ख) जल चक्र क्या है?

5. दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में किसी एक का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दें। (1×10=10)

एक राज्य के रूप में संगठित हो जाने के बाद जनजातीय समाज में आए प्रमुख बदलावों को लिखें।

अथवा

गंगा ब्रह्मपुत्र के बेसिन में जनसंख्या घनत्व अधिक क्यों है?

4. लघु उत्तरीय प्रश्न (20-25 शब्द)

(क) संचार माध्यम से आप क्या समझते हैं?

संचार माध्यम वे साधन हैं जिनके द्वारा सूचना, समाचार और विचार एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाए जाते हैं, जैसे– टीवी, रेडियो, समाचार पत्र और इंटरनेट।

(ख) जल चक्र क्या है?

जल का वाष्प बनकर आकाश में जाना, बादल बनना और वर्षा के रूप में पुनः धरती पर आना जल चक्र कहलाता है।

जब जनजातीय समाज एक राज्य के रूप में संगठित हुआ, तब उनमें कई महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए। उन्होंने स्थायी रूप से बसना शुरू किया और खेती को अपनाया। प्रशासन चलाने के लिए राजा और अधिकारियों की व्यवस्था बनाई गई। कर वसूली की व्यवस्था शुरू हुई और समाज में सामाजिक व आर्थिक बदलाव आए। धीरे-धीरे शिक्षा, व्यापार और नए नियमों का विकास हुआ। इससे जनजातीय समाज अधिक संगठित और विकसित हुआ।